प्रेस विज्ञप्ति

सौ करोड़ मिनट शुभकामनाएं एकत्रित करने वाला अनोखा बैंक उद्घाटित

शुभभावना बैंक के माध्यम से बेहतर विश्व बनेगा ... आर. सी. पटेल

रायपुर, ५ जुलाई : पुलिस महानिरीक्षक लोक अभियोजन आर. सी. पटेल ने कहा कि हम अपने आप को पहचान कर अपने शान्त स्वरूप को जानने से ही दूसरों का शान्ति दे सकते हैं। इस प्रकार शुभभावना बैंक के माध्यम से विश्व को बेहतर बनाया जा सकता है।

श्री आर. सी. पटेल प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में शुभकामना बैंक का शुभारम्भ करने के बाद अपने विचार रख रहे थे। उल्लेखनीय है कि पैसों की जगह शुभकामनाएं जमा करने वाले इस अनोखे बैंक का कोई भी व्यक्ति सदस्य बन सकता है। शर्त यह है कि प्रतिदिन उसे कम से कम ग्यारह मिनट शुभकामनाएं स्वयं के लिए या अपने किसी प्रियजन अथवा विश्व के लिए देनी होगी। श्री पटेल ने आगे कहा कि हरेक व्यक्ति अपने जीवन में सुख, शान्ति और सन्तोष प्राप्त करना चाहता है। यह मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति है। किन्तु इसके लिए पहले हमें दूसरों को सुख देना सीखना होगा। क्योंकि यह सृष्टि का नियम है कि जैसा हम करेंगे, वैसा ही हम पाएंगे।

उन्होंने कहा कि शुभकामनाएं देने के लिए अलग से समय निकालने की जरूरत नहीं है। रास्ते में जब रेडलाईट हो जाए तो आप समय का उपयोग कर सर्व के प्रति शुभ विचारों का दान कर सकते हैं। बाथरूम में नहाते समय भी गीत गुनगुनाने की बजाय पूरे विश्व की बेहतरी के लिए कामनाएं कर सकते हैं। दफ्तर में खाली समय में भी यह काम आसानी से किया जा सकता है। उन्होंने सभी लोगों से बैंक का सदस्य बनने की अपील करते हुए कहा कि समय का सदुपयोग करके पुण्य अर्जित करने का यह सबसे अच्छा माध्यम है।

सभा को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सविता बहन ने बतलाया कि दुनिया में नकारात्मकता बढ़ती जा रही है। मनोबल कमजोर होने से आजकल लोग बहुत जल्दी हताश, निराश और दुःखी होकर आत्महत्या तक कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि जब नकारात्मक विचारों से मन तनाव का शिकार हो सकता है तो उसके अच्छे विचारों का भी तो प्रभाव शरीर और वातावरण पर पड़ता होगा। मेडिकल साइन्स द्वारा यह प्रमाणित हो चुका है कि नब्बे प्रतिशत से अधिक बीमारियाँ तनाव के कारण उत्पन्न होती हैं। तो हमारे अच्छे विचारों का प्रभाव भी हमारे शरीर और प्रकृति पर अवश्य पड़ेगा।

ब्रह्माकुमारी प्रियंका बहन ने कहा कि हमारे मन में निरन्तर विचार चलते रहते हैं, यह एक सतत् प्रक्रिया है। अब हमें उन पर ध्यान देकर व्यर्थ और निरर्थक विचारों की जगह श्रेष्ठ और शुभ विचार मन में लाने हैं। इससे दुनिया से नकारात्मक वातावरण को सकारात्मक विचारों में बदलने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सोनाली बहन ने किया। समारोह में काफी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

प्रेषक : मीडिया प्रभाग,
प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय
विश्व शान्ति भवन, चौबे कालोनी, रायपुर फोन: 2253253